

Global Alliance for
Disaster Risk Reduction & Resilience
in the Education Sector

# सर्वश्रेष्ठ पद्धति

## GADRRRES क्षेत्रीय सहयोगी व्यापक शाला सुरक्षा का समर्थन करते हैं

एशिया प्रशांत एवं लेटिन अमेरिका और केरेबियन क्षेत्रों में क्षेत्रीय सहयोग शाला सुरक्षा के लिए नीति वकालत एवं अन्तर्राष्ट्रीय आवेग विकसित करते हैं।

### GADRRRES क्षेत्रीय सहयोगी

*शिक्षा क्षेत्र में आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रतिरोधक्षमता के लिए वैश्विक गठबंधन (GADRRRES)* की स्थापना 2011 में शिक्षा क्षेत्र में आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रतिरोधक्षमता का समाधान करने की बढती आवश्यकता की पूर्ती के लिए की गई थी। क्षेत्रीय सहयोग और शिक्षा की आवश्यकता को मान्यता देते हुए, दो क्षेत्रीय संस्थाएं लगभग एक ही समय पर स्थापित हो GADRRRES से संबंधित की गईं : *Asia Pacific Coalition for School Safety (शाला सुरक्षा के लिए एशिया प्रशांत गठबंधन) (APCSS)* और *Latin America and the Caribbean (लेटिन अमेरिका और केरेबियन क्षेत्र) (Grupo Regional de Educación para America Latina y El Caribe GRE-LAC)* के लिए एक क्षेत्रीय शिक्षा समूह।

GADRRRES के क्षेत्रीय सहयोगी एशिया प्रशांत एवं लेटिन अमेरिका और कैरेबियन क्षेत्र में शाला सुरक्षा पाने के लिए अच्छा काम कर रही हैं। ये क्षेत्र प्राकृतिक और जलवायु-प्रेरित खतरों के साथ-साथ जैविक और स्वास्थ्य संबंधी खतरों, प्रौद्योगिकी जोखिम, हिंसा और संघर्ष, और दिन प्रतिदिन की कई समस्याओं से ग्रस्त हैं। ये खतरे शिक्षा क्षेत्र में बाल अधिकारों और प्रतिरोधक्षमता पर विभिन्न खतरे पैदा करते हैं। ज्यादातर क्षेत्रों के समान, शैक्षिक निरंतरता और सुरक्षा के लिए संघर्ष में पुराने बुनियादी ढांचे, अपर्याप्त क्षमता, अधूरे डाटा और जोखिम न्यूनीकरण और प्रतिक्रिया-तैयारी के लिए सीमित संसाधनों की चुनौतियाँ होती हैं।

#### Regional Education Working Group for Latin America and the Caribbean (GRE-LAC) (लेटिन अमेरिका और कैरिबियन क्षेत्रीय शिक्षा कार्य समूह)

GRE-LAC की स्थापना 2011 में की गई। ये एक सक्रिय सामूहिक मोर्चा है जो क्षेत्र में आपातकाल, आपदा जोखिम प्रबंधन, और प्रवासी संबंधी समस्याओं के समाधान में विभिन्न संस्थाओं, शिक्षा मंत्रालय और समन्वय तंत्र की सहायता करता है। GRE-LAC Sendai Framework (सेंदाई फ्रेमवर्)क, CSSF (व्यापक शाला सुरक्षा रूपरेखा), ग्लोबल एजुकेशन क्लस्टर, REDLAC (The Risk, Emergency and Disaster Regional Coordination Platform from OCHA), अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों, गैर सरकारी संगठनों, बहुपक्षीय एजेंसियों, दानकर्ताओं, और

विभिन्न शिक्षा हितधारकों से प्रेरणा लेता है। क्षेत्रीय समन्वय, सूचना के लेन देन, संयुक्त कार्यवाही और आपसी सहयोग के माध्यम से GRE-LAC शिक्षा कर्ताओं को आपदा जोखिम न्यूनीकरण, पूर्व तैयारी, और शीघ्र प्रतिक्रिया रणनीति में सहयोग देता है। इसमें विशेष ध्यान सबसे कमजोर बच्चों पर दिया जाता है, जिनमे प्रवासी और शरणार्थी बच्चे, विकलांग बच्चे और अन्य समूह में मूल निवासी बच्चे शामिल हैं। ये सुनिश्चित करता है की लेटिन अमेरिका और केरेबियन क्षेत्र में बच्चों और नवयुवकों को शिक्षा के अधिकार के तहत शिक्ष प्राप्त हो।

**GRE-LAC** की उपलब्धियां**:**

- लेटिन अमेरिका और कैरेबियन क्षेत्र के लिए सीएसएसएफ *(CSSF)* प्रारंभ करना।
- *Sint Maarten Declaration on School Safety* (शाला सुरक्षा के लिए सिंट मार्टेन घोषणा) को केरेबियन क्षेत्र के 19 देशों और प्रदेशों ने समर्थित किया था।
- शाला सुरक्षा संबंधित *The Declaration of the countries of the SICA region (SICA* क्षेत्र के देशों का घोषणापत्र) पर हस्ताक्षर किए गए
- *Caribbean roadmap for School Safety* (शाला सुरक्षा के लिए केरेबियन दिशानिर्देश) बनाया गया।
- आने वाले वर्षों के लिए *CECC-SICA region roadmap with actions (CECC-SICA* क्षेत्र के लिए कार्य के साथ दिशानिर्देश )। अलग अलग देशों के हिसाब से *SICA* क्षेत्र के लिए दिशानिर्देश में भी प्रगति हुई है।
- छह केरेबियन राष्ट्र और प्रदेशों (एंटीगुआ और बारबुडा, डोमिनिका, सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस, सेंट लूसिया, मोंटसेराट, सेंट किट्स और नेविस) ने एक मानकीकृत (स्टैण्डर्ड) शाला शिक्षण सुविधाएं बहु-खतरा सुरक्षा मूल्यांकन उपकरण कार्यान्वित किया है: *UNESCO VISUS* (यूनेस्को विआइएसयूएस)।
- क्षेत्र के लिए स्पेनिश,अंग्रेजी, फ्रेंच और पुर्तगाली भाषाओं में वैश्विक मार्गदर्शन दस्तावेजों का लगातार अनुवाद एवं प्रसार।

## **Asia Pacific Coalition for School Safety (APCSS)** (शाला सुरक्षा के लिए एशिया प्रशांत गठबंधन)

The Asia Pacific Coalition for School Safety (APCSS) का गठन 2012 में GADRRRES (शिक्षा क्षेत्र में आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रतिरोधक्षमता के लिए वैश्विक गठबंधन) के क्षेत्रीय सहयोगी के रूप में किया गया। यह क्षेत्रीय संवादों को बढ़ावा देने और शाला सुरक्षा के लिए तकनीकी संसाधनों, उच्चतम व्यवहारों, और माडल नीतियों का साझा करने के लिए समर्पित है। इन प्रयासों के माध्यम से APCSS आपदाओं का बच्चों की शिक्षा पर प्रभाव कम करने का और एशिया-प्रशांत देशों में व्यापक शाला सुरक्षा की वकालत करने का प्रयास करती है। उप-क्षेत्रीय मंचों, जैसे Pacific Coalition for the Advancement of School Safety (PCSASS) (शाला सुरक्षा की उन्नति के लिए के लिए प्रशांत गठबंधन), ASEAN Safe School Initiative (ASSI) (दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्र संघ का उपक्रम), चाइल्ड फण्ड, UN Major Group of Children and Youth (MGCY) (बच्चों और युवाओं का संयुक्त राष्ट्र प्रमुख समूह), All India Disaster Mitigation Institute (AIDMI) (अखिल भारतीय आपदा न्यूनीकरण संस्थान), के साथ सहयोग से एपीसीएसएस (APCSS) बच्चों के लिए बेहतर और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

एपीसीएसएस **(APCSS)** की उपलब्धियां**:**

- एक पॉलिसी ब्रीफ़ *Advancing comprehensive school safety for Asia and the Pacific* (एशिया और पेसिफिक क्षेत्र की व्यापक शाला सुरक्षा को बढाना) और एक दो-वर्षीय रणनीतिक योजना को 2016 में प्रकाशित किया गया।
- गठबंधन ने क्षेत्रीय और उप-क्षेत्रीय मंचों पर CSS (सीएसएस) की वकालत की और उप-क्षेत्रीय पहलों पर, जैसे *2nd and 3rd ASEAN Conference for School Safety* (शाला सुरक्षा के लिए दूसरे और तीसरे *ASEAN* सम्मेलन) (2017 और 2019) और हाल ही में हुए 2022 आपदा जोखिम न्यूनीकरण के एशिया

प्रशांत मंत्रियों के सम्मलेन में *APCSS Partners' session on Comprehensive School Safety (विस्तृत शाला सुरक्षा के लिए APCSS सहभागी सत्र)* राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं की मांग की।

- एपीसीएसएस ने एशिया-प्रशांत क्षेत्र में पहले वैश्विक सीएसएस नीति सर्वेक्षण के कार्यान्वयन और समर्थन किया प्रकाशन *Comprehensive School Safety Policy: Trends in the Asia-Pacific Region (व्यापक शाला सुरक्षा नीति: एशिया-प्रशांत क्षेत्र में प्रवृत्तियां)* का अंग्रेजी और चीनी भाषा में प्रकाशित होने का।

## GADRRRES क्षेत्रीय सहियोगियों से पाई गई सीख

स्थापना के समय से ही, APCSS और GRE-LAC ने सुरक्षित शालाओं को बढ़ावा देने और आपदाओं और संकटों की स्थिति में शिक्षा की निरंतरता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

✔ निरंतर शाला सुरक्षा नीति की वकालत, सहभाजी लक्ष्य और संकेतक, और व्यापक शाला सुरक्षा रूपरेखा के लिए दीर्घकालिक प्रतिबद्धता

क्षेत्रीय सहयोगियों ने आपदा जोखिम न्यूनीकरण और बाल अधिकारों तथा शिक्षा क्षेत्र में प्रतिरोधक्षमता के लिए नीतियों की वकालत करने और उन्हें प्रभावित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। शाला सुरक्षा को मजबूत करने में एवं उप-क्षेत्रीय पहलों को बढ़ावा देने में इनका योगदान महत्वपूर्ण है (देखें सर्वश्रेष्ठ पद्धति: उप-क्षेत्रीय पहलें शाला सुरक्षा को मजबूत बनाती हैं)। इसके फलस्वरूप राष्ट्रीय रणनीति, कार्य योजना एवं कानून का विकास हुआ है जो विभिन्न परिस्थितियों में शाला सुरक्षा और शिक्षा की निरंतरता बनाए रखने में सहयोग देते हैं।

✔ शिक्षा क्षेत्र में बाल अधिकारों पर खतरों और संकट के प्रभावों के साक्ष्य, और सबसे अधिक वंचित बच्चों के लिए वकालत

क्षेत्रीय सहयोगियों के भागीदारों ने बच्चों और उनकी शिक्षा तक पहुँच पर प्राकृतिक और जलवायु परिवर्तन के खतरों, जैविक और स्वास्थ्य समस्याओं, हिंसा, संघर्ष और प्रवास से उपजे संकट आदि के प्रभाव का अध्ययन करने और उसके प्रदर्शन में सहयोग दिया है। क्षेत्रीय सहियोगी निरंतर लिंग, विकलांगता, सामाजिक और सांस्कृतिक कारणों से संबंधित समानता और समावेश, और शरणार्थियों और शरण चाहने वालों का समावेश करने के लिए निरंतर वकालत करते हैं।

✔ साक्ष्य-आधारित सर्वोत्तम अभ्यास मार्गदर्शन, और ज्ञान का प्रचार

क्षेत्रीय सहभागियों ने राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और स्थानीय स्तर पर शाला सुरक्षा नीतियों, योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन का मार्गदर्शन करने के लिए अनुसंधान रिपोर्ट, मार्गदर्शन सामग्री और अन्य सह-विकसित ज्ञान उत्पादों को बनाने और साझा करने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। वे शिक्षा क्षेत्र के विकास एवं मानवीय आपातकाल और उनकी संभावना से सम्बंधित अनुभवों के आदान प्रदान के लिए खुला मंच प्रदान करते रहे हैं।

✔ क्षमता-निर्माण और प्रशिक्षण

क्षेत्रीय सहयोगी शाला सुरक्षा नीति के क्रियान्वयन के लिए शिक्षा क्षेत्र के नेताओं की दक्षताओं को मजबूत बनाने के लिए क्षमता-निर्माण सहयोग प्रदान किया है। इन पहलों ने नीति-निर्माताओं को जोखिमों का बेहतर आकलन करने, और जोखिम को कम करने और प्रतिक्रिया रणनीतियों के क्रियान्वयन और लागू करने में सक्षम बनाया है।

✔ तकनीकी एवं वित्तीय संसाधनों को इकट्ठा करना

Global Alliance for
Disaster Risk Reduction & Resilience
in the Education Sector

क्षेत्रीय सहयोगी कार्य योजनाओं की व्यवहार्यता सुनिश्चित करने और शाला सुरक्षा और जोखिम न्यूनीकरण, सहयोग और अर्थव्यवस्था के स्तर को बनाए रखने की गतिविधियों के क्रियान्वयन में मदद करते रहे हैं। ये उप-क्षेत्रिय सरकारों द्वारा की जा रही पहल के लिए तकनीकी सहयोग शाखा के रूप में काम करते हैं।


✔ **"सामूहिक प्रभाव" के लिए साझेदारी और समन्वय को मजबूत करना**
क्षेत्रीय सहयोगी शिक्षा के क्षेत्र में बाल अधिकारों और प्रतिरोधक्षमता के लिए कार्य कर रहे आइजीओ (IGO), आईएनजीओ (INGO) और अन्य क्षेत्रीय संस्थाओं (जिनमे शोधकर्ता , निजी क्षेत्र के संस्थान ,और दानदाता शामिल है) को एक साथ लाने का काम करते हैं। इसके बाद वे सरकारों के बीच साझेदारी को बढ़ावा देते हैं और समन्वय बढ़ाते हैं - विशेष रूप से शिक्षा और आपदा प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन और बाल संरक्षण अधिकारियों को एक साथ लाकर। यह सहयोगात्मक दृष्टिकोण पूरे क्षेत्र में बाल शाला सुरक्षा में सुधार के लिए संसाधनों और विशेषज्ञता का लाभ उठाने में सहायक रहा है।

सामूहिक प्रभाव अभिगम के आवश्यक तत्वों को समझकर और संभावित चुनौतियों, व्यवसायी और संगठन का समाधान करके सहयोग की शक्ति को बढ़ावा मिल सकता है और अपने समुदायों में सार्थक, स्थायी परिवर्तन लाए जा सकते हैं। अगर ये सब वो कर सकते हैं तो आप भी कर सकते हैं!

## नए क्षेत्रीय सहयोगियों का विकास हो रहा है

इन क्षेत्रों में विकसित हो रहे नए क्षेत्रीय सहयोगियों के बारे में जानकारी के लिए:
• पूर्वी और दक्षिणी अफ्रीका
• पश्चिमी और मध्य अफ्रीका
• मध्य पूर्व और उत्तर अफ्रीका

कृपया GADRRRES से संपर्क करें।



gadrrres.net
gadrrres@gmail.com
cc.preventionweb.net/scss
facebook.com/GAD3RES/

Global Alliance for
Disaster Risk Reduction & Resilience
in the Education Sector

twitter.com/gad3res
GADRRRES यूट्यूब चैनल

@ GADRRRES (2023)